हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 18 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री


4

13 करोड़ की लागत से आधुनिक सुविधाओं से लैस हुआ चांपा स्टेशन




## खबर संक्षेप

### वन अधिकार पत्र धारकों की समस्याओं के निराकरण के लिए 24 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत जिले में वितरित व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार पत्रों के धारकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए आदिम जाति विकास विभाग द्वारा विशेष पहल की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि शासकीय योजना पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास, किसान क्रेडिट कार्ड, धान खरीदी हेतु पंजीयन व कृषक उन्नति योजना, कृषि पंप ऊर्जीकरण के अतिरिक्त भी किसी भी अन्य शासकीय या विभागीय योजना का लाभ लेने में हितग्राहियों को आ रही तकनीकी, व्यावहारिक या रिकॉर्ड संबंधी विसंगतियों के समाधान के लिए विभाग द्वारा सीधे आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इन प्राप्त आवेदनों के आधार पर स्थानीय एवं शासन स्तर की समस्याओं का विस्तृत प्रतिवेदन और विवरण तैयार किया जाएगा।

### आज तक चलेगा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा, परिवार नियोजन के प्रति जागरूक

**जांजगीर-चांपा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में 11 से 18 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य गर्भधारण के उचित समय एवं दो गर्भधारण के बीच उचित अंतराल को बढ़ावा देना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाना तथा परिवार नियोजन संबंधी सेवाओं के प्रति आमजन को जागरूक करना है।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए 21 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** विकासखंड बलौदा अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान करमा दुकान और शासकीय उचित मूल्य दुकान अंगारखार दुकान के आबंटन के लिए 21 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। एक वर्ष तक के बैंक खाता स्टेटमेंट की छायाप्रति, संस्था व समूह की छायाप्रति के साथ 21 जुलाई शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

### जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया हैं। प्राचार्य, पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चिस्दा ने बताया कि चयन परीक्षा 28 नवम्बर को प्रातः 11.30 बजे आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि वे विद्यार्थी, जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले के किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा 5वीं में 31 जुलाई 2025 से पहले तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत हैं, और जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच है, वे नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### दीनदयाल कालोनी में निकासी नहीं होने से भरा पानी

**जांजगीर-चांपा।** दिन दयाल कॉलोनी खोखरा भाठा जांजगीर में बरसात में दो दिन की बारिश कॉलोनी में पानी भरा हुआ है। नाली तो है पर पानी निकलने का निकासी नहीं होने से पूरी तरह से पानी भरा है। कई बार गृह निर्माण मंडल को इस समस्या से प्रतिवर्ष अवगत कराने के बाद भी दिया ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गृह निर्माण मंडल कार्यालय शाखा जांजगीर में भी आवेदन किया है, जबकि पानी व सफ़ाई के लिये प्रतिमाह 5 सौ रुपये शुल्क लिया जा रहा है। शीघ्र निराकरण नहीं होने पर दिन दयाल कॉलोनी ने लोगों ने इसकी शिकायत करने की बात कही है।

## आफत की बारिश...



तुस्मा के पुराना कंजीनाला में तीन फीट ऊपर बह रहा पानी



कुटीघाट पुल के ऊपर से चल रहा पानी



पामगढ़ में तेज बारिश से बहा थार वहन

### शहर के गली मोहल्ले हुए जलमग्न, घरों में घुसा पानी, शिवरीनारायण-बिलासपुर समेत कुछ मार्ग अवरूद्ध

# बारिश से अंचल तरबतर, कई नदी-नाले उफान पर



कुकदा रिंगनी पुल पर बहते पानी को देखने पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बीते दो दिनों से हो रही बरसात ने शहर समेत पूरे अंचल को तर बतर कर दिया है। लीलागर नदी के उफान पर होने से शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग दिन भर अवरूद्ध रहा। इसके अलावा कई नालों के पुल के ऊपर पानी आने से ग्रामीण इलाकों के कुछ मार्ग भी अवरूद्ध रहे। इधर जिला मुख्यालय जांजगीर के कई मोहल्लों में घरों में पानी घुस गया। मुख्य मार्ग और अधिकांश गलियां तालाब और पोखर में तब्दील नजर आई।

गुरूवार 16 जुलाई रथयात्रा के दिन से शुरू हुई झमाझम बारिश दूसरे दिन शुक्रवार 17 जुलाई को भी रूक रूककर पूरे दिन होती रही। रात में झमाझम बारिश के बाद सुबह शहर का नजारा पूरी तरह से बदला हुआ नजर आया। शहर के बीडी महंत उपनगर , शंकर विहार कालोनी, बीटीआई चौक, चंदनियापारा, सारथी मोहल्ला, रविदास चौक सहित कई मोहल्लों में सड़क और नालियां पाटो पाट बहने लगी। गली मोहल्लों में घुटने भर से अधिक पानी बहने से लोगों के घरों में भी बरसात का पानी भर गया। हालांकि इसको लेकर पालिका का अमला सुबह से अलर्ट नजर आया और जेसीबी के माध्यम से जाम नालियों को खोलने का काम दिन भर चला। इधर लगातार बारिश से जांजगीर व बिलासपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र कुटीघाट में लीलागर नदी का पानी पुल से तकरीबन 3 फीट ऊपर पानी बहने से शिवरीनारायण मुलमुला होते बिलासपुर मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरे दिन अवरूद्ध रहा। इसी तरह लगातार बारिश से आरसमेटा न्यूवोको रिहायशी क्षेत्र में भी लोगों के घरों में पानी भरने की समस्या खड़ी हो गई।

### मूसलाधार बारिश से खेत बने तालाब, कर्रा नाला बांध की मेड़ क्षतिग्रस्त

**अकलतरा।** ग्राम कोटमी सोनार एवं आसपास के क्षेत्र में बीती रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। लगातार बारिश के चलते लीलागर नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी पर पानी का बहाव तेज होने से मार्ग अवरुद्ध हो गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। मामले की जानकारी भाजपा नेता आनंद प्रकाश मीरी ने तत्काल एसडीएम अकलतरा सुमित बघेल को दी। सूचना मिलते ही एसडीएम श्री बघेल मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को तत्काल मेड़ को सुरक्षित करने के निर्देश दिए। इसके बाद विभाग द्वारा मौके पर मिट्टी भराव कर क्षतिग्रस्त हिस्से को सुरक्षित करने का कार्य शुरू कराया गया।



कर्रा नाला बांध की मेढ क्षतिग्रस्त।

### मुख्य मार्ग को जेसीबी से काटने पर पांच घंटे ठप रहा आवागमन, कार्रवाई की मांग



**अकलतरा।** नगर में शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश के बीच एक बड़ी लापरवाही सामने आई। नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित राइस मिल परिसर में जलभराव होने के बाद मिल संचालक द्वारा दोपहर लगभग 12:30 बजे जेसीबी मशीन से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मुख्य मार्ग को कटवा दिया गया। सड़क कटते ही नगर का प्रमुख मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आम नागरिकों को लगभग पांच घंटे तक भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण महावीर राइस मिल परिसर में भारी जलभराव हो गया था। इसकी सूचना वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद विजय खांडेल को दी गई। पार्षद ने मौके का निरीक्षण कर स्थिति से एसडीएम सुमित बघेल, तहसीलदार अविनाश चौहान, एसडीओपी प्रदीप सोरी तथा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा को अवगत कराया। सूचना मिलते ही प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।इसी दौरान लीलागर नदी में बाढ़ की सूचना मिलने पर सभी अधिकारी तत्काल कोटमीसोनार क्षेत्र के लिए रवाना हो गए। अधिकारियों के वहां से जाने के बाद राइस मिल संचालक द्वारा जेसीबी से मुख्य सड़क कटवा दी गई, जिससे नगर का प्रमुख मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। दोपहर 12:30 बजे से लेकर शाम लगभग 5 बजे तक यातायात बाधित रहा। घटना की जानकारी मिलने पर नगरवासियों ने एसडीएम सुमित बघेल से शिकायत की। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल सड़क की मरम्मत कराई और शाम लगभग 5 बजे कटे हुए मार्ग को भरकर पुनः आवागमन शुरू कराया।एसडीएम सुमित बघेल ने बताया कि बिना अनुमति सार्वजनिक सड़क को क्षति पहुंचाना गंभीर अपराध है। इस मामले को लेकर नगरवासियों ने राईस मिल संचालक पर कार्रवाई की मांग की है।

### मूसलधार बारिश से फुंकी नाला के पास फसल जलमग्न, रामनगर सड़क और हाईस्कूल मैदान में 2 से 3 फीट भरा पानी

**तनौद।** पामगढ़ विकासखंड के तनौद क्षेत्र में बीते 24 घंटे से हो रही मूसलधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। लगातार बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी भर गया है और खेत-खलिहान जलमग्न हो गए हैं। 5 एकड़ सब्जी फसल डूबी फुंकी नाला के पास किसान रामजी साहू की करीब 5 एकड़ जमीन में लगी लाल भांजी और मूली की फसल पूरी तरह पानी में डूब गई है। सड़क और स्कूल मैदान में भरा पानी ग्राम में रामनगर सड़क और हाईस्कूल मैदान में भी पानी भर गया है। मैदान के ऊपर 2 से 3 फीट पानी चल रहा है। इससे स्कूली बच्चों और राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



## पीडीएस चावल वितरण में सर्वर डाउन समस्या ने अटकाया रोडा, हितग्राही हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले की कई शासकीय उचित मूल्य (राशन) दुकानों में सर्वर डाउन रहने की समस्या के कारण हितग्राहियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तकनीकी खराबी के चलते बायोमेट्रिक सत्यापन और राशन वितरण का कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे लोगों को घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले के पांच ब्लाक अंतर्गत आने वाले सरकारी पीडीएस दुकानों में सर्वर डाउन की समस्या के कारण



हितग्राहियों को चावल लेने में परेशानी हो रही है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग हितग्राहियों को हो रही है। राशन विक्रेताओं का कहना है कि सर्वर और नेटवर्क की समस्या उनके नियंत्रण से बाहर है। सर्वर बार-बार बंद होने के कारण राशन वितरण बाधित हो रहा है, जिससे हितग्राही और दुकानदार दोनों परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने खाद्य विभाग से सर्वर की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। उनका कहना है कि हर महीने इस तरह की तकनीकी दिक्कतों से राशन वितरण प्रभावित होता है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी समस्या की जानकारी संबंधित एजेंसी को दे दी गई है। सर्वर सामान्य होते ही राशन वितरण सुचारु रूप से शुरू कर दिया जाएगा।

## जलभराव से नाराज महिलाओं ने अंबेडकर चौक पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण वार्ड क्रमांक 16 एवं वार्ड क्रमांक 15 के कई घरों में पानी घुस जाने से आक्रोशित महिलाओं ने शुक्रवार दोपहर लगभग 3 बजे अंबेडकर चौक पर चक्का जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान मुख्य मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा और दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं।

वार्डवासियों का आरोप था कि क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रत्येक वर्ष बारिश के मौसम में घरों में पानी भर जाता है। कई बार नगर पालिका को समस्या से अवगत कराने के



अंबेडकर चौक पर नगरवासियों ने किया चक्काजाम।

बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। चक्का जाम की सूचना मिलते ही एसडीएम सुमित बघेल, तहसीलदार अविनाश चौहान, एसडीओपी प्रदीप सोरी, थाना प्रभारी भास्कर शर्मा तथा वार्ड पार्षद विजय खंडेल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी महिलाओं एवं वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद शाम लगभग 4 बजे चक्का जाम समाप्त कर दिया गया तथा यातायात पुनः सामान्य हो गया।वार्ड पार्षद विजय खांडेल ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को क्षेत्र में जल निकासी की गंभीर समस्या से अवगत कराते हुए पाइपलाइन बिछाने की मांग की जा रही थी, लेकिन समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं होने के कारण लोगों का आक्रोश सामने आया। प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने मौके पर ही नगर पालिका के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक व्यवस्था करने और जल निकासी की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर पालिका द्वारा देर शाम लगभग 7 बजे पाइपलाइन बिछाकर जल निकासी की व्यवस्था की गई।

### सरकारी भूमि आबंटित किए जाने का कर रहे विरोध

# जमीन सीमांकन मामले को लेकर ग्रामीणों ने घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

जमीन सीमांकन मामले को लेकर ग्रामीणों ने बाराद्वार थाना का घेराव कर दिया। इस बीच ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। जिससे कुछ समय तक थाना परिसर में तनावपूर्ण स्थिति देखी गई।

गौरतलब है कि शुक्रवार 17 जुलाई को बाराद्वार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पलाड़ी कला में जमीन विवाद को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण थाना पहुंच गए। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीण थाना प्रभारी से मुलाकात करने की मांग पर अड़ गए, जिससे कुछ समय के लिए थाने में स्थिति तनावपूर्ण हो गई।



थाना का घेराव करने पहुंचे ग्रामीण।

ग्रामीणों का कहना था कि जमीन विवाद से जुड़ी समस्या को लेकर वे अपनी बात पुलिस के सामने रखना चाहते हैं। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को संभाला। बताया जाता है कि यह मामला जमीन सीमांकन से संबंधित है। इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने बताया कि मामले की जानकारी ली जा रही है और राजस्व विभाग से जुड़े पहलुओं के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पलाडीकला में सरकारी जमीन के आवंटन के विरोध में ग्रामीणों ने बाराद्वार थाना का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। तहसीलदार बाराद्वार द्वारा डेरागढ़ निवासी संतोष जायसवाल के नाम सरकारी भूमि आवंटित किए जाने का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस फैसले पर ग्राम पंचायत और स्थानीय लोगों की आपत्तियों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, सरपंच, पंच और अन्य ग्रामीण पहले अपनी शिकायत लेकर बाराद्वार थाना पहुंचे थे। इस बीच ग्रामीणों ने बताया कि बाराद्वार क्षेत्र के ग्राम डेरागढ़ निवासी एक व्यक्ति को सरकारी भूमि आबंटित किया गया है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। इसी समस्या को लेकर शुक्रवार को ग्रामीण बाराद्वार थाना पहुंचे। ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर पुलिस प्रशासन को अवगत कराया। इधर ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी समझाईश भी दिए।

## बिना काम किए निकाल ली नरेगा की राशि, सीईओ से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जनपद पंचायत सक्ती के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सपनाईपाली के आश्रित ग्राम कनेटी (चारपारा) में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत बगैर तालाब का गहरीकरण कराए राशि निकालने का मामला सामने आया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने सक्ती सीईओ से फरियाद लगाते हुए इस पर कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जनपद अंतर्गत आने वाले सपनाईपाली पंचायत के आश्रित ग्राम कनेटी में तालाब के गहरीकरण किए बगैर राशि निकाल ली गई है। ग्रामीण गुलाब पटेल और प्रफुल्ल पटेल सहित अन्य शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अवरहा तालाब के गहरीकरण व विकास कार्य के लिए राशि आवंटित की गई थी। तालाब में गहरीकरण का कोई काम नहीं कराया गया और फर्जी तरीके से पूरी राशि निकाल ली गई। उन्होंने इस संबंध में सरपंच से जानकारी मांगी और तालाब की बदहाली पर सवाल उठाए, तो सरपंच ने जानकारी देने से साफ मना कर दिया। ग्रामीणों ने शिकायत आवेदन के साथ तालाब की वर्तमान स्थिति का वीडियो साक्ष्य के रूप में संलग्न किया है। ग्रामीणों ने सीईओ से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए तत्काल एक विशेष जांच समिति का गठन करने की बात कही है।




# हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम

प्रथम पुरस्कार
वाशिंग मशीन





रजनी कौशिक

द्वितीय पुरस्कार
इंडक्शन





कामिनी पटेल

तृतीय पुरस्कार
मिक्सर ग्राइंडर





काव्या कौशिक

चतुर्थ पुरस्कार
इलेक्ट्रिक आयरन





पूजा सिन्हा

## विशेष पुरस्कार



रेखा वर्मा



दिव्यांशी थवाईत



अदिती खरे



यूविका कश्यप



अपूर्वा कौशिक

## सांत्वना पुरस्कार जिला-कोरबा



दिशीता सपहा, अमृता देवांगन, सरला पांडेय, मालती सराफ, शिल्पी उपाध्याय, सपना श्रीवास, श्रुति सोनी, आशमा खातून, रेनू कैवर्त, शांति बाई

## सांत्वना पुरस्कार जिला-सरगुजा



अभिलाषा सिन्हा, पूनम विश्वकर्मा, सोनल श्रीवास्तव, आशा सिन्हा, शैली सिन्हा, संस्कृति श्रीवास्तव, कविता सराठे, दीपा गुप्ता, मौसम, पूजा गोयल

## सांत्वना पुरस्कार जिला-जांजगीर



दीपिका श्रीवास, चमेली साहू, कामिनी जायसवाल, सीता बाई साहू, आभा शुक्ला, फिंगेश्वरी आदित्य, आकांक्षा साहू, सोनाली जायसवाल, बबली साहू, भारती साहू

## सांत्वना पुरस्कार जिला-कोरिया



दीपिका चाँद, परिभाषिका, दीपा यादव, धनेश्वरी, खुशबू देवी, रेखा उपाध्याय, संजू ठाकुर, जसीना खातुन, प्रियंका सिंह, राजकुमारी यादव

## सांत्वना पुरस्कार जिला-रायगढ़



नीलम सिंह ठाकुर, नीता सारथी, सरस्वती चौहान, शोभा ठाकुर, अर्पणा राय

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी... पढ़ते रहिए हरिभूमि...**

## खबर संक्षेप

### डीएमएफ से छात्रों को मिलेगी उच्च शिक्षा की सुविधा

**कोरबा।** शिक्षा किसी भी समाज के समग्र विकास की आधारशिला होती है। एक शिक्षित युवा न केवल अपने परिवार का भविष्य संवारता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अक्सर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी केवल संसाधनों के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। विशेष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के सामने यह चुनौती और भी गंभीर होती है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफटी) कोरबा श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में ष्स्वामी विवेकानंद जिला खनिज न्यास शिक्षा प्रोत्साहन योजनाष तैयार की गई है।

### पथर्रीपारा में टुल्लू पंप का जाल कई घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

**कोरबा।** निगम के पथर्रीपारा क्षेत्र में अपने घरों में लोगों ने टुल्लू पंप का जाल बिछा रखा है। जिनके द्वारा नलों से अवैध कनेक्शन कर लगातार पानी खींचा जा रहा है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि टुल्लू पंपधारी लोगों के घरों में तो पर्याप्त पानी आ रहा है लेकिन अन्य लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके कारण लोग पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। वार्ड के निवासियों ने बताया कि इस ओर निगम के अधिकारियों का ध्यान कई बार आकृष्ट करवाया गया लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया, जिससे अवैध टुल्लू पंपधारियों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र के लोगों ने मांग की है कि टुल्लू पंप के खिलाफ अभियान चलाया जाए और जिन-जिन घरों में इसका उपयोग हो रहा है उसे जब्त कर कार्रवाई की जाए।

### मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन, बिलासपुर द्वारा एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को डीएवी गेवरा में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के बच्चों के हित में आवश्यक सिविल एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु कल्याण समिति सदस्य गेवरा हेमराज राव द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विद्यालय परिसर की नालियों की मरम्मत एवं सफाई, वृक्षारोपण, बोरवेल पाइपलाइन कनेक्शन, कॉरिडोर निर्माण, बिजली व्यवस्था, जल निकासी, बाउंड्री वॉल की मरम्मत, झाड़ियों एवं कचरे की सफाई, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण तथा विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दो अतिरिक्त सेक्शन प्रारंभ करने सहित कुल 13 महत्वपूर्ण मांगें रखी गई हैं। संगठन ने प्रबंधन से मांग की है कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र स्वीकृत कर समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए।

# सीआईएल की 3 सौ खदानों में से टॉप 35 खदानों से 74 प्रतिशत कोयला उत्पादन

## एमसीएल की 12, एसईसीएल की 8 व एनसीएल की 7 खदानें शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोल इंडिया के कुल 300 कोयला खदानों में से उत्पादन की दृष्टिकोण से देखें तो चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कोल इंडिया के कुल कोयला उत्पादन में टॉप-35 खदानों का योगदान 74 प्रतिशत है। पहली तिमाही में कोल इंडिया का कुल कोयला उत्पादन 169.62 मिलियन टन है। टॉप-35 खदानों से 126.06 मिलियन टन उत्पादन हुआ है। कोलइंडिया के टॉप 35 खदानों में से एसईसीएल, एनसीएल, एमसीएल की 27 कोयला खदान शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि कोलइंडिया के टॉप-35 खदानों ने लक्ष्य का 89.63 प्रतिशत उपलब्धि तीन महीने में हासिल की है। यानी समय के साथ छोटी-छोटी कोयला खदानों के दिन लद रहे हैं। छोटी खदानों में उत्पादन लागत भी बढ़ रही है। इसलिए दौर टॉप-35 श्रेणी की बड़ी खदानों का है। टॉप-35 श्रेणी में सालाना कम-से-कम चार मिलियन टन यानी 40 लाख टन कोयला उत्पादन करने वाली कंपनियों को रखा जाता है। इन खदानों में भूमिगत, ओपनकास्ट और मिश्रित खदानें शामिल हैं। बात करें एसईसीएल की तो एसईसीएल के पास कुल 60 खदानें हैं जिनमें 40 भूमिगत और 20 खुली खदानें हैं। इनमें से 8 खदानें टॉप 35 की श्रेणी में शामिल हैं। इसी तरह एमसीएल की 12 व एनसीएल की 7 खदानें टॉप 35 की श्रेणी में शामिल हैं। कोल इंडिया के कुल उत्पादन में टॉप-35 खदानों का योगदान पहली तिमाही में 70 प्रतिशत से अधिक है। यानी बीसीसीएल-ईसीएल जैसी कंपनियों को अपनी ज्यादा-से-ज्यादा खदानें टॉप-35 श्रेणी में करने के लिए खदानों का विस्तार करने की दरकार है। छोटी खदानों के मुकाबले टॉप-35 श्रेणी की खदानों में कोयला उत्पादन की लागत कम रहती है। वर्तमान प्रतियोगिता के दौर में कंपनियों के समक्ष उत्पादन लागत कम करने की बड़ी चुनौती है।

**खास बातें**

- टॉप 35 श्रेणी में सालाना 4 मिलियन टन कोयला उत्पादन, टॉप में आने खदानों को करना होगा विस्तार



## पड़ोसी जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम मोहतरा से मामा गांव पहुंचा था रथ यात्रा देखने

# रथ यात्रा देखने गए मासूम पर कुत्तों ने किया हमला, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के प्रसिद्ध ग्राम दादर में 100 साल से भी अधिक समय से रथ यात्रा आयोजित किया जा रहा है। जहां हर साल दूर दराज से बड़ी संख्या में लोग रथयात्रा देखने के लिए पहुंचते हैं। खासतौर पर ग्राम दादर से विवाह कर दूसरे गांव गईं बेटी साल अपने मायके में ही रथ यात्रा त्योहार मनाती हैं। जांजगीर चांपा में भी रहने वाला एक परिवार अपने बच्चों के साथ रथ यात्रा देखने के लिए पहुंचा था। इस दौरान एक 5 वर्षीय मासूम को खेलते समय आधा दर्जन कुत्तों ने उसके ऊपर हमला कर दिया और कुत्तों के हमले से गंभीर रूप से घायल मासूम को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई है। मासूम की मौत से रथ यात्रा की खुशी मातम में तब्दील हो गई है। वहीं परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**खास बात**

- देर शाम 5 .00 बजे की घटना, इलाज के दौरान मेडिकल हास्पिटल में मौत



जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के ग्राम मोहतरा निवासी प्रकाश पटेल 5 वर्ष अपने माता-पिता के साथ अपने मामा के घर मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दादर रथ यात्रा देखने के लिए पहुंचा था। सुबह से ही आज ग्राम दादर में रथ यात्रा की धूम थी और सभी तरफ खुशियां बिखर रही थी। इस बीच प्रकाश पटेल 5 वर्ष भी अपने दोस्तों के साथ गली में खेल रहा था कि किसी दौरान शाम लगभग 5:00 बजे एक साथ 5 से अधिक कुत्तों ने प्रकाश पटेल पर हमला कर दिया। सीधे कुत्तों ने उसके गर्दन पर हमला किया, जब तक स्थानीय लोगों द्वारा कुत्तों को वहां से दूर किया जाता तब तक मासूम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो चुका था। घटना के बाद आनन फानन में स्थानीय लोगों और पड़ोसियों की मदद से प्रकाश पटेल को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर के इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम प्रकाश पटेल की मौत से दादर में मनाई जा रही रथ यात्रा की खुशी मातम में तब्दील हो गई। पूरा परिवार सदमे में है फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जिले के गली मोहल्लों में लगातार कुत्तों की बढ़ती संख्या से आम लोग हलाकान हैं। शहर में लगातार कुत्ते से हमले की घटना सामने आती है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा इनके लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। जिसके चलते ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

# पहले पत्नी के साथ की मारपीट कुछ देर बाद पति की संदिग्ध अवस्था में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 2 साल पहले 31 वर्षीय युवक ने एक युवती से प्रेम विवाह किया था और दोनों अपने माता-पिता के घर में ही रहते थे। युवक शराब पीकर अपने घर पहुंचा था और नशे में अपनी पत्नी से मारपीट भी की थी। जिसके कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ी और उसे एसईसीएल के विभागीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां से उसे गंभीर अवस्था में शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। वहीं युवक की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सरगर्म हैं। पुलिस फिलहाल विभिन्न बिंदुओं पर मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। मृत युवक के घुटने में धारदार हथियार के चोट के निशान भी पाए हैंl मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र के सुभाष ब्लॉक का है। यहां निवासरत हीरालाल सोनवानी का 30 वर्षीय पुत्र अंकित सोनवानी ने 2 साल पहले प्रिया नामक एक युवती से प्रेम विवाह किया था। दोनों से एक डेढ़ साल का बच्चा भी है।

**खास बातें**

- मानिकपुर चौकी क्षेत्र के सुभाष ब्लाक की घटना, जांच में जुटी पुलिस
- धुटने में धारदार हथियार के मिले निशान, तीन टांके लगे थे



मेडिकल कॉलेज में कार्रवाई के लिए शव को लेकर जाते स्टाफ।



शव का निरीक्षण करते पुलिस कर्मी


*बदबू बढ़ने से ग्रामणो ने पुलिस से की शिकायत*

# तरदा के एक सूने मकान में मिला बायोमेडिकल वेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

राम तरदा के एक मकान से बदबू आने पर परेशान ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद मकान से भारी मात्रा में लाल, पीले और नीले रंग के बैगों में भरकर रखे बायोमेडिकल कचरा का भंडार मिला है। दरअसल कुछ दिनों से मकान से बदबू आ रही थी। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह जब मालवाहन लगाकर इस बायोमेडिकल वेस्ट को कहीं और ले जाने की तैयारी की गई तो ग्रामीणों ने विरोध कर उरगा पुलिस को इसकी सूचना दी।

ग्रामीणों की शिकायत पर उरगा पुलिस यह जांच कर रही है कि आखिर यहां बायोमेडिकल वेस्ट क्यों व किसकी अनुमति से रखा गया है। बताया जा रहा है कि 3 दिन पहले यह मकान किराए में लिया गया था जहां विभिन्न अस्पतालों के मेडिकल वेस्टेज को भंडारण कर रखा जा रहा था। अधिकारियों की जानकारी में यह बात लाई गई है। सारी बातें स्पष्ट होने पर विधि सम्मत कार्रवाई संभव होगी। सूत्रों के हवाले से प्रारम्भिक तौर पर पता चला है कि शहर के हॉस्पिटल और बायोमेडिकल वेस्ट उठाने वाली एजेंसी के बीच कचरा संग्रहण और निस्तारण का अनुबंध हुआ है। बायोमेडिकल वेस्ट उठाने वाली एजेंसी प्रतिदिन कचरा अपने अधिकृत उपचार केंद्र तक ले जाने के बजाय परिवहन खर्च बचाने के लिए ग्राम तरदा में किराए का कमरा लेकर कचरे का अस्थायी भंडारण कर रही थी। जब पर्याप्त मात्रा में कचरा इकट्ठा हो जाता, तब उसे एक साथ वाहन में भरकर ले जाया जाता लेकिन इससे फैलने वाली भारी बदबू से लोग परेशान होने लगे और इसकी शिकायत पुलिस से की।



**नियमानुसार होना चाहिए निस्तारण**

नियम अनुसार बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 के तहत अस्पताल से निकलने वाले संक्रमित कचरे का सुरक्षित तरीके से संग्रहण, परिवहन, उपचार और निस्तारण अनिवार्य है। इस प्रकार के कचरे को किसी सामान्य मकान, आबादी वाले क्षेत्र या अनधिकृत स्थान पर जमा करना नियमों की मंशा के विपरीत है क्योंकि इससे वायु और जल के माध्यम से विभिन्न प्रकार के संक्रमण फैलने का डर बना रहता है। कचरे को अधिकृत कॉमन बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटी तक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पहुंचाया जाना चाहिए।

### स्मार्ट मीटर से बिजली व्यवस्था होगी और पारदर्शी एवं उपभोक्ता हितैषी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रदेश में विद्युत वितरण व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी एवं उपभोक्ता-केंद्रित बनाने की दिशा में स्मार्ट मीटर प्रणाली का विस्तार तेजी से किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली खपत की वास्तविक समय (रियल-टाइम) में जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे वे अपनी बिजली खपत पर बेहतर नियंत्रण रख सकेंगे और अनावश्यक खर्च मे कमी ला सकेंगें।स्मार्ट मीटर तकनीक से मीटर रीडिंग पूरी तरह डिजिटल होगी, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना कम होगी। साथ ही बिलिंग प्रक्रिया अधिक सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनेगी। उपभोक्ता मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी दैनिक एवं मासिक बिजली खपत की निगरानी कर सकेंगें तथा ऊर्जा बचत के लिए बेहतर निर्णय ले सकते हैं। साथ ही स्मार्ट प्रणाली से बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण, लाइन लास में कमी लाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

### जनपद सीईओ को कार्यमुक्त करने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन पोड़ी-उपरोड़ा दौरे पर पहुंचे, जहां जनपद पंचायत के सभी जनपद सदस्य एवं सरपंच संघ के सदस्य सीईओ श्री जैन को ज्ञापन सौंपा और उनसे मांग की, कि सीईओ भूपेंद्र कुमार सोनवानी को तुरंत रिलीव करें। यहां के जनप्रतिनिधियों ने बताया कि सीईओ श्री सोनवानी का स्थानांतरण हुए 15 दिन बीत गए, परंतु अभी तक उन्हें रिलीव नहीं किया गया। जनप्रतिनिधियों ने सीईओ श्री जैन को बताया कि भूपेंद्र कुमार सोनवानी सभी जनप्रतिनिधियों से तीन से चार पर्सेंट कमीशन मांगते हैं और सरपंच-सचिव से दुर्व्यवहार भी करते हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी जनप्रतिनिधियों ने सीईओ श्री जैन को अवगत कराया कि श्री सोनवानी के खिलाफ प्रतिनिधियों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है और उन्हें तुरंत रिलीव करें। सभी जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन में बताया है कि सीईओ श्री सोनवानी को चार दिन के अंदर रिलीव करें।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

क्र/717/रीडर/अ.वि.अ./202
मालखरौदा, दिनांक 17.07.2026

**प्रति,**
1. रामबाई पिता बंशीलाल,
2. लक्ष्मीनारायण पिता गोपीचंद,
3. मनोज पिता गोपीचंद,
4. कैलाश पिता गोपीचंद,
5. पंचमती पिता गोपीचंद,
6. दूजबाई पिता बाबूलाल,
7. परदेशी पिता बाबूलाल,
8. पार्वती पिता बाबूलाल,

जाति गोड़, ग्राम माहुलदीप, तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)

विषयः-इस न्यायालय के अपील प्रकरण में उपस्थित होने के संबंध में।

एतद द्वारा आप सबको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में अपीलार्थी दशरथ पिता रतन सिंह वगैरह ग्राम माहुलदीप, तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा निम्न न्यायालय तहसीलदार मालखरौदा के रा.प्र.क्र. 202509312600005/अ-27/2024-25 पक्षकार पूरन सिंह बनाम दशरथ वगैरह, साकिन माहुलदीप में पारित आदेश दिनांक 18/06/2026 के विरूद्ध अपील किये जाने पर प्रकरण दिनांक 30.07.2026 को आपकी उपस्थिति हेतु नियत किया गया है।

अतः उक्त पेशी दिवस में आप अनिवार्यतः उपस्थित होवें। ज्ञात हो कि आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी।

यह ईश्तहार आज दिनांक 17/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील, मुहर सहित जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**समक्ष श्रीमान् नोटरी महोदय जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**शपथपत्र**

मैं दीक्षा कुमारी राठौर (पुराना नाम) आयु 24 वर्ष पिता रामनारायण राठौर जाति राठौर निवासी खोखरा तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) की निवासी हूँ जो कि निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करती हूँः-

1 मैं ग्राम खोखरा तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चाम्पा छ. ग. की स्थायी निवासी हूँ।

2 मेरा पुराना नाम दीक्षा कुमारी राठौर है, और मैं अपना नाम बदलकर दीक्षारानी (नया नाम) करवाना चाहती हूँ।

3 मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नही है, और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।

4 मैं नाम बदलकर यदि गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिये मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

5 - मैं यह शपथपत्र पूरे होशो हवाश में रह कर हस्ताक्षर कर रही हूँ, तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

स्थान - जांजगीर
दिनांक 17.07.2026

**शपथकर्ती**
**दिक्षारानी**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार/उद्घोषणा**

चांपा, दिनांक 16 .7 .2026

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कांतिदेवी बंजारे पति स्व. अनिल कुमार बंजारे विरूद्ध अमृत बंजारे, राकेश बंजारे, विजय बंजारे, पिता स्व. तीजराम श्रीमती चंद्रिकाबाई बंजारे पति स्व. तीजराम मोहन बंजारे पिता स्व. भाऊराम गंगाप्रसाद पिता स्व. पतिराम श्रीमती कौशिल्या पति स्व पतिराम निवासी ग्राम जगदल्ला चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. द्वारा चांपा स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 18 सी भू-खण्ड 04 क्षेत्रफल 501 वर्गमीटर भूमि है। जिस पर मकान निर्मित है, जो नजूल अभिलेख तीजराम, मोहन, पतिराम पिता भाऊराम के नाम से नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहखातेदार के रूप दर्ज किये जाने सहपत्रों आवेदन पत्र धारा 109, 110 अंतर्गत सहपत्रों सहित प्रस्तुत किया गया है। जिस पर आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा हो तो वे अपना दस्तावेजी आपत्ति/दावा दिनांक 30/07/2026 तक इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा / आपत्ति उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 16 .07 .2026 को जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, चांपा

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644
Founder & Director
DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

ADMISSIONS OPEN
Balvatika
PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP | NURSERY | JUNIOR KG | SENIOR KG | CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644
Founder & Director
DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित हुई शबीना एवं अल्किन



**अकलतरा।** राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा आयोजित स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह–2026 बुधवार को विमतारा, मधु पिल्ले चौक शांति नगर रायपुर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 250 उत्कृष्ट शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट भूमिका के लिए राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में अकलतरा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला कोटगढ़ संकुल केंद्र बरगवां की शिक्षिका श्रीमती शबीना बानो खान एवं शासकीय प्राथमिक शाला पोड़ी दलहा की शिक्षिका श्रीमती अल्किन खान को मुख्य अतिथि हिमांशु द्विवेदी के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ हिमांशु द्विवेदी प्रधान संपादक हरिभूमि समूह ने कहा कि भारत का स्वर्णिम इतिहास इस बात का साक्षी है कि हमारे सद्गुरु का स्थान सर्वोच्च रहा है। प्राचीन काल में राजा भी अपने गुरुओं के सम्मान के लिए हर प्रकार का त्याग करने को तत्पर रहते थे,क्योंकि शिक्षक ही राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर पूर्णानंद मिश्र, राष्ट्रीय अध्यक्ष 'राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर' भारत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। अकलतरा विकास खंड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी ए. बी. ओ. श्रीमती स्वाति राठौर,श्रीमती रतमाला सिंह, राजेंद्र निर्मलकर, शैक्षिक समन्वयक संकुल बरगवां अम्बरीश बैस एवं पोंड़ी दलहा शैक्षिक समन्वयक अभिषेक सिंह द्वारा अकलतरा विकासखंड से श्रीमती शबीना बानो खान एवं श्रीमती अलकीन खान को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित होने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रतीक का हुआ चयन

**हसौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद के कक्षा 9वीं के छात्र प्रतीक मनहर का



चयन 14 वर्षीय शतरंज में सक्ती जिले से संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बच्चों के इस अद्भुत उपलब्धि पर खेल प्रभारी शिक्षक मीना महेश, साथी शिक्षक लंबोदर दास महंत तथा प्राचार्य शिवप्रसाद द्विवेदी ने बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी । साथ ही साथ उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बम्हनीडीह तहसीलदार को दी गई विदाई, राजस्व अमले ने उत्कृष्ट कार्यकाल को किया याद



**बम्हनीडीह।** तहसील बम्हनीडीह से तहसील जांजगीर स्थानांतरित हुए तहसीलदार शशिभूषण सोनी को गुरुवार को तहसील कार्यालय में आयोजित सम्मान एवं विदाई समारोह में राजस्व निरीक्षकों, पटवारियों तथा कार्यालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में उनके कार्यकाल को जनहित, पारदर्शी प्रशासन और प्रभावी राजस्व व्यवस्था का उदाहरण बताते हुए सभी ने उनके योगदान की सराहना की । समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बताया कि शशिभूषण सोनी ने अपने कार्यकाल के दौरान राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा तथा अभिलेख दुरुस्ती जैसे कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित की। उन्होंने अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई कर राजस्व और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा लोकसभा एवं नगरीय निकाय निर्वाचन, जनगणना संबंधी दायित्वों, सुशासन तिहार, राजस्व शिविरों तथा शासन की विभिन्न प्राथमिकता वाली योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में भी सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान शशिभूषण सोनी ने बम्हनीडीह में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार प्रशांत पटेल का समस्त राजस्व निरीक्षकों, पटवारियों एवं कार्यालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों से परिचय कराया। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि नए अधिकारी को पूर्ववत सहयोग, समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करने में पूरा साथ दें ताकि प्रशासनिक कार्य निर्बाध रूप से संचालित होते रहें। अपने संबोधन में शशिभूषण सोनी ने कहा कि बम्हनीडीह में मिला सहयोग, आत्मीयता और विश्वास उनके लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी उपलब्धि का श्रेय पूरी टीम की सामूहिक कार्यशैली और समर्पण को जाता है। कार्यभार हस्तांतरण की औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद वे विधिवत कार्यमुक्त होकर तहसीलदार जांजगीर का कार्यभार ग्रहण करने के लिए रवाना हुए।

### पीएम नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल किया पुनर्विकसित चांपा रेलवे स्टेशन का लोकार्पण

# 13 करोड़ की लागत से आधुनिक सुविधाओं से लैस हुआ चांपा स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित चांपा रेलवे स्टेशन का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार 17 जुलाई को अपरान्ह 3:50 बजे पंजाब के जालंधर छावनी स्टेशन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस अवसर पर चांपा रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित एक समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन लाल साहू तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।


समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन लाल साहू ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 50 स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ के 32 स्टेशन शामिल है। इसी कड़ी में जांजगीर-चांपा जिले के प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केन्द्र चांपा रेलवे स्टेशन को लगभग 13 करोड़ की लागत से आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई कार्य संस्कृति के साथ कार्य कर रही है। इसके तहत भूमि पूजन के साथ ही कार्य को पूर्ण कर इसे आम जनता को लोकार्पित भी किया जा रहा है। समारोह को इसके अलावा क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े तथा छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने संबोधित करते हुए कहा कि चांपा रेलवे स्टेशन परिसर के समग्र विकास के साथ यात्रियों की सुविधा के लिए बेहतर प्रतीक्षालय, सुगम आवागमन तथा आधुनिक यात्री सुविधाओं का विस्तार किया गया है। योजना के तहत यहां नये प्रवेश-निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, आकर्षक लाइटिंग और स्थानीय संस्कृति के समावेश से स्टेशन को यात्री अनुकूल, सुगम और एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से युक्त बनाया गया है। उन्होनें इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार ज्ञापित किया। इसके पूर्व अपने स्वागत भाषण में मण्डल रेल प्रबंधक राकेश रंजन ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना से देश में कुल 1337 स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जा रहा है। आज प्रधानमंत्री द्वारा देश के कुल 75 स्टेशनों के साथ ही चांपा रेलवे स्टेशन का लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होनें बताया कि इससे क्षेत्रवासियों को चांपा रेलवे स्टेशन में विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदत्त होंगी। इसके पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा हरित प्लांट के साथ कौसेय शाल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। समारोह का संचालन एवं आभारी प्रदर्शन श्रीमती मनीषा दीक्षित ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व सांसद श्रीमती कमलादेवी पाटले, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, भाजपा नेता अमर सुल्तानिया, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, बुनकर प्रकोष्ठ के कमल लाल देवांगन, राजकुमार साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, नंदनी राजवाड़े, श्रीमती रेखा गढ़ेवाल, ग्यारसी मोदी, धनेश्वरी जागृति, पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह खटकर, राम खूबवानी, राजेश थावानी, नरेन्द्र ताम्रकार, मनोज मित्तल, महेन्द्र तिवारी, टीकम कंसारी, लायन रामप्रपन्न देवांगन, विनोद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, रमेश देवांगन के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा नेता, नागरिकगण तथा मीडिया से जुड़े लोग उपस्थित थे। समारोह के प्रारंभ में नगर के स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।





पुनर्विकसित चांपा रेलवे स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन करते पीएम मोदी एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू।

### चांपा रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लोकार्पण क्षेत्र के विकास का नया अध्याय : पाण्डेय



**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित चांपा रेलवे स्टेशन के लोकार्पण पर प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। इंजी. रवि पाण्डेय ने कहा कि चांपा रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि जांजगीर-चांपा जिले के विकास, व्यापार, उद्योग और यात्री सुविधाओं को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम है। आधुनिक यात्री सुविधाओं, दिव्यांगजन-अनुकूल व्यवस्थाओं, स्वच्छ परिसर, बेहतर प्रतीक्षालय, डिजिटल सूचना प्रणाली तथा स्थानीय संस्कृति की झलक से सुसज्जित यह स्टेशन क्षेत्र की नई पहचान बनेगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने अभूतपूर्व विकास किया है। आज रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलने के साथ-साथ स्थानीय रोजगार, व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय ने कहा कि चांपा रेलवे स्टेशन का लोकार्पण समूचे जांजगीर-चांपा जिले के लिए गर्व का विषय है।

### सदन में गूंजा राशन कार्ड और चावल वितरण का मुद्दा, विधायक शेषराज हरबंश ने उठाए कई सवाल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में राशन कार्ड और चावल वितरण का मुद्दा पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश ने उठाया। उन्होंने केंद्रीय पूल और राज्य कोटे से मिलने वाले चावल के वितरण, राशन कार्डों की संख्या तथा अतिरिक्त अंत्योदय राशन कार्डों के प्रचलन को लेकर सरकार से जवाब मांगा। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने सदन को बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 57.25 लाख केंद्रीय कोटे तथा 25.75 लाख राज्य कोटे के राशन कार्ड प्रचलन में हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के तहत अलग-अलग मापदंडों के अनुसार पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। मंत्री ने जानकारी दी कि राज्य सरकार निराश्रित एवं निशक्तजनों को 10-10 किलो चावल उपलब्ध करा रही है। वहीं बीपीएल राशन कार्डधारियों को भी केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के तहत 10-10 किलो चावल का लाभ दिया जा रहा है।चर्चा के दौरान विधायक शेषराज हरबंश ने अतिरिक्त अंत्योदय राशन कार्डों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे राज्य सरकार पर 1,300 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ रहा है। उन्होंने अंत्योदय राशन कार्डधारियों को 7 किलो अतिरिक्त चावल दिए जाने की मांग भी सदन में रखी। इस पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने स्पष्ट किया कि अंत्योदय राशन कार्डधारियों को केंद्र और राज्य सरकार दोनों की योजनाओं का लाभ मिल रहा है तथा पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।



## हरेक समूह की दीदियां अपने लिये बनाएं बिहान बगीचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहान से जुड़ी ग्रामीण क्षेत्र की हरेक महिला स्व सहायता समूह की दीदियां अपने परिवार के लिए अपने घरों के पीछे बिहान बगीचा बनायें। जिससे उन्हें ताज़ा हरी सब्जियां और फल फूल मिल सकें और सब्जियों में प्रतिदिन होने वाले खर्च को रोका जा सकें। वैसे अधिकतर बिहान की दीदियां सब्जी, फल फूल की खेती जैसे आजीविका गतिविधि को अपनाकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहीं हैं।

■ **सेंदरी में 12 दिवसीय सब्जी खेती व नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ**

उक्त बातें जिला पंचायत सक्ती राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहान के डीएमएम राजीव श्रीवास ने सेंदरी में आयोजित 12 दिवसीय सब्जी खेती व नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने बिहान से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की दीदियों को अपने घर के पीछे बिहान बगीचा के साथ साथ घर के छत पर गमलों में सब्जी, फल फूल जैविक पद्धति से करने की सलाह दी। उन्होंने समूह की दीदियों विभिन्न प्रकार की आजीविका गतिविधियों को लेकर लागत मूल्य निकालने और लाभ के साथ साथ ब्रांडिंग तथा पैकेजिंग के बारे में चर्चा किया। कार्यक्रम में एसबीआई आरसेटी के डायरेक्टर जस्टिन डुमडुम,बिहान कार्यक्रम के बीपीएम ज्ञानेंद्र राय,फेकेल्टी आशीष कुमार पाठक व मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव ने अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर आरसेटी से मितेश साहू, प्रदीप साहू, रूपा देवी सुमन, भुवनेश्वरी सोनवानी, सुमन कंवर, अनिता सोनवानी, रामकुमारी, फूलबाई जायसवाल उपस्थित रही।



प्रशिक्षण में उपस्थित महिलाओं को जानकारी देते डीएमएम व अन्य।

### स्वच्छता अभियान के तहत नाली निर्माण के लिए भूमि पूजन

**बाराद्वार।** ग्राम पंचायत भद्रीपाली के आश्रित ग्राम भक्तूडेरा में स्वच्छता अभियान को गति देने एवं क्षेत्र में बेहतर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा के नेतृत्व में नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा ने नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन पूजा- अर्चना कर करते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम के ठाकुर देवता के लिए चबूतरा और सामुदायिक भवन निर्माण करने की मांग रखी, जिसमें आयुष शर्मा ने गांव वालों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस काम को पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण और बेहतर जल निकासी व्यवस्था से आमजन को सुविधा मिलेगी तथा ग्राम में विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। यह निर्माण कार्य स्वच्छता अभियान को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में अर्जुन राठौर जिलाध्यक्ष जोगी कांग्रेस, ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि गणेश राम चंद्रा, धर्म सेना प्रमुख रूपेंद्र गवेल एवं पंचगण धर्म सेना की सदस्य और ग्रामीण जन बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।



## सड़क सुरक्षा को लेकर वाहनों पर लगाए जा रहे रिफ्लेक्टिव पट्टियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुस्मा

जिले में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और रात्रिकालीन सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एक सराहनीय जनजागरूकता अभियान शुरू किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक युवाओं की पहल पर अब घुमंतू एवं निजी पशुओं के गले में रेडियम रिफ्लेक्टिव पट्टियां लगाने के साथ-साथ ट्रेलर, हाइवा,ट्रैक्टर, ऑटो स्कूल वैन तथा अन्य वाहनों पर भी रेडियम रिफ्लेक्टिव पट्टियां लगाई जा रही हैं।

■ **रेडियम पट्टी लगने से रात के समय दूर से दिखाई देगी वाहन**

इस पहल का मुख्य उद्देश्य रात के समय वाहनों की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित कर सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना है। जागरूक युवाओं का कहना है कि जिले में कई सड़क दुर्घटनाएं केवल इसलिए हो जाती हैं क्योंकि रात के समय आगे चल रहे वाहन पर्याप्त रूप से दिखाई नहीं देते। विशेष रूप से भारी वाहनों के पीछे चल रहे छोटे वाहन चालक समय रहते दूरी का सही अनुमान नहीं लगा पाते, जिससे टक्कर की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे में रेडियम रिफ्लेक्टिव पट्टियां वाहन की पीछे की सतह को दूर से ही चमकदार बना देती हैं, जिससे अन्य वाहन चालक सतर्क होकर सुरक्षित दूरी बनाए रख सकते हैं। इसी अभियान के तहत शिवरीनारायण तुस्मा क्षेत्र में भी सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं की टीम लगातार वाहनों पर रेडियम पट्टियां लगा रही है। ट्रेलर,हाइवा,ट्रैक्टर, ऑटो और स्कूल वैन जैसे वाहनों पर विशेष रूप से यह कार्य किया जा रहा है ताकि रात के समय ये वाहन आसानी से दिखाई दें। इसके अलावा सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के गले में भी रेडियम पट्टियां लगाई जा रही हैं, जिससे अंधेरे में उनकी पहचान हो सके और वाहन चालक समय रहते सावधानी बरत सकें।सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है।



वाहनों में रेडियम पट्टी लगाते युवा।

## मसनिया कला में छात्राओं को बांटी गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

क्षेत्रीय विकास और शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसनियाकला में आयोजित 'शाला प्रवेश उत्सव' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर सांसद ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित अभिभावकों से आत्मीय भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

शिक्षा और आधुनिकता के समन्वय को बढ़ावा देने तथा बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सांसद कमलेश जांगड़े ने छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। सांसद ने सभी छात्र-छात्राओं को नए शैक्षणिक सत्र की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा और आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने गेल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से नवनिर्मित अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। यह कंप्यूटर लैब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को वैश्विक स्तर की शिक्षा और तकनीकी कौशल से सशक्त करने में मील का पत्थर साबित होगी। अब गांव के बच्चे भी तकनीक के क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार, ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण, शिक्षकगण का योगदान रहा।




छात्राओं को साइकिल वितरित करते अतिथि।

### लीनेस क्लब जांजगीर जाज्वल्या ने लगाए फलदार व छायादार पौधे

# पौधे लगाने के साथ उसकी देखभाल जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

चंदा देवी गट्टानी मेमोरियल जय भारत स्कूल जांजगीर में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए, लीनेस क्लब जांजगीर जाज्वल्या द्वारा पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया।

लीनेस अध्यक्ष लीनेस सरिता शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बढ़ते तापमान को कम करना, पर्यावरण को शुद्ध रखना और विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना था। लीनेस सचिव लीनेस जूही गौरहा ने कहा कि, पेड़-पौधे हमारी पृथ्वी के फेफड़े हैं। वर्तमान समय में घटते वन क्षेत्र और बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम केवल पौधे न लगाएं, बल्कि उनकी पूर्ण देखभाल भी करें। लीनेस कोषाध्यक्ष नमिशा थवाईत ने कहा कि पौधा रोपण के बाद उसे केवल लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका संरक्षण करना सबसे महत्वपूर्ण है आज हमसब यह संकल्प लें कि हम पौधे को अपने परिवार के सदस्य की तरह मानेंगे और नियमित रूप से उसकी देखभाल, पानी और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। पौधारोपण के बाद क्लब के सभी सदस्यों ने पौधों के संरक्षण की शपथ भी ली। इस पुनीत कार्य में चंदा देवी गट्टानी मेमोरियल जय भारत स्कूल से कृष्णा गट्टानी ,प्राचार्य सुखदेव भोई, विद्यार्थियों सहित क्लब से लीनेस कल्पना केशरवानी, लीनेस सरोज पाटनी,लीनेस सुनीता गट्टानी, लीनेस डॉक्टर प्रभा साव, प्राची पाण्डेय का विशेष योगदान रहा।



स्कूली बच्चों के साथ पौधे लगाती लीनेस क्लब जांजगीर के पदाधिकारी।

### श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स दिल्ली विवि में शुभ का चयन

**जांजगीर-चांपा।** देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी), दिल्ली विश्वविद्यालय में नैला निवासी शुभ भोपालपुरिया का चयन हुआ है। शुभ अग्रवाल समाज के नरेंद्र भोपालपुरिया एवं श्रीमती पिंकी भोपालपुरिया के सुपुत्र हैं। शुभ हसदेव पब्लिक स्कूल लछनपुर-चांपा के कक्षा 12वीं (कॉमर्स संकाय) के मेधावी छात्र रह चुके हैं। उन्होंने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और कठिन परिश्रम से जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर मोहन गुलाबानी, अरुण कुमार झाझरिया, कमल अग्रवाल, डॉ मुकेश कुमार शर्मा, श्रीमती कमल अंबवानी ने प्रसन्नता जाहिर की है।



